प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड को दी बड़ी सौगात, कोडरमा और बिहार के वैशाली के बीच बौद्ध सर्किट ट्रेन का किया शुभारंभ।
- विधानसभा के पूरक मानसून सत्र के पहले दिन आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 4296 करोड़ 62 लाख रुपये का अनुपूरक बजट।
- विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की उठायी मांग, मुख्यमंत्री ने कहा– इस पर सदन करेगा विचार।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 35वीं बैठक, विभिन्न जेलों में आजीवन सजा काट रहे 51 कैदियों को रिहा करने पर सहमति।
- राज्य में भारी बारिश से नदियां उफान पर, लोहरदगा और चतरा में कई कच्चे घर क्षति ग्रस्त, बिजली पोल और पेड़ भी उखड़े।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के गया से झारखंड के कोडरमा से बिहार के वैशाली के  बीच बौद्ध सर्किट ट्रेन का शुभारंभ किया। श्री मोदी ने गया और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखायी। इस दौरान उन्होंने कहा कि घुसपैठ के कारण देश के कई राज्यों में डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है।

******************

इस मौके पर कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया और बौद्ध सर्किट ट्रेन के कोडरमा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर लोगो ने कहा कि कोडरमा में लगातार ट्रेन की कनेक्टिविटी बढ़ रही है।

******************

झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र के पहले दिन आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 4 हजार 2 सौ 96 करोड़ 62 लाख रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया। सदन में आज शोक प्रकाश के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन समेत अन्य दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी।

******************

मॉनसून सत्र के पहले दिन शोक प्रस्ताव के दौरान पक्ष और विपक्ष सभी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग की। भाजपा विधायक राज सिन्हा ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम पर किसी को एतराज नहीं है।

इस मसले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह सदस्यों की भावना है। इस पर सदन विचार करेगा।

******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आज रांची में एनडीए विधायक दल की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मानसून सत्र के दौरान सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की गयी। बैठक में बैठक में जदयू विधायक सरयू राय,आजसू विधायक निर्मल महतो, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान सहित भाजपा के विधायक मौजूद रहे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि मानसून सत्र में एनडीए राज्य के ज्वलंत और बड़े मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगेगा।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में आज रांची में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 35वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 51 कैदियों को रिहा किए जाने पर सहमति बनी।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऑनलाइन गेमिंग के संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही यह अब कानून बन गया है। सदन ने इसे पारित कर राष्ट्रपति को स्वीकृति के लिए भेजा था।

******************

केन्द्र सरकार के द्वारा ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 का राज्य के लोगों ने स्वागत किया है। साहिबगंज जिले की जनता इससे बेहद खुश दिख रही है।

******************

झारखंड एंटी–टेररिस्ट स्क्वॉड की ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के 285 लोग देश और विदेश में सक्रिय प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े हुए हैं। इनमें से सबसे अधिक 113 संदिग्ध पाकुड़ जिले से हैं जबकि साहिबगंज से 65, रांची से 49 और जमशेदपुर से 22 संदिग्धों की पहचान हुई है।

******************

सुल्तानगंज से बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को जल्द ही सीधा रेल संपर्क मिलेगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज रुक रुक कर लगातार बारिश हो रही है। लोहरदगा जिले में मुसलाधार बारिश के कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया। बारिश के कारण दक्षिण कोयल नदी, साफी नदी, टिको नदी तथा अन्य नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। भारी बारिश के कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये हैं। जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। उधर चतरा जिले में भी भारी बारिश से तबाही हुई है। इटखोरी प्रखंड में लगातार बारिश से नदियों का जल स्तर इतना बढ़ गया है कि कई घर डूब गये हैं। दर्जनों बिजली के पोल उखड़ गये तथा सैकड़ों पेड़ बह गये।

******************

ग्रेटर नोएडा में शहीद विजय सिंह पथिक इनडोर स्टेडियम में चल रही मैट्रिक्स फाइट नाइट कनटेनडर सीरीजमें झारखंड के स्वस्तिक कुमार ने आज महाराष्ट्र के फाइटर को एकतरफा मुकाबले में हराकर जीत से आगाज किया। स्वस्तिक ने महज 1 मिनट से भी कम समय में महाराष्ट्र के खिलाड़ी को नॉकआउट कर दिया।

*******समाप्त********